## कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सवाई माधोपुर

क्रमांक पं.17( ) न्याय/कोरोना/2020/8859 दिनांक **03/08/2020**

### :: आदेश अन्तर्गत धारा 144 दण्ड प्रकिया संहिता::

मुझे यह अवगत कराया गया है कि जिला सवाईमाधोपुर के निम्न **उपखण्ड क्षेत्रों में व्यक्ति के कोरोना वायरस (कोविड–19) से संक्रमित (पॉजिटिव) पायें जाने से उक्त क्षेत्रो में** कोरोना वायरस के अत्यधिक संक्रमण की सम्भावना होकर नागरिको के स्वास्थ्य, मानव जीवन एवं लोक शान्ति को खतरा उत्पन्न हो सकता है।

| क्र. सं. | उपखण्ड क्षेत्र | केन्द्र बिन्दू | कर्फ्यू क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | **खण्डार** | मीना मोहल्ला झरने की तरफ (नाले के पास) रामसिंह पुत्र रामजीलाल गुर्जर के मकान। | **मीना मोहल्ला झरने की तरफ खण्डार।** मीना मोहल्ला झरने की तरफ (नाले के पास) रामसिंह पुत्र रामजीलाल गुर्जर के मकान से होते हुये उत्तर दिशा में रामजीलाल गुर्जर के मकान के सामने वन विभाग की दीवार से पूर्व की ओर भरतलाल मथूरिया के मकान तक तथा महेन्द्र दुबे के मकान से रामनाथ मीना के मकान तक, सीताराम मीना के मकान से नाले से नाले की तरफ पश्चिम में रामावतार मीना के मकान तक तथा हरिओम शर्मा के मकान से नाले से होते हुये वन भूमि की तरफ जाने वाले रास्ते से होते हुए रामसिंह पुत्र रामजीलाल गुर्जर के मकान तक सम्पूर्ण परिक्षेत्र |
| 1. | **सवाई माधोपुर** | भंवरलाल बसवाल के मकान। | **विज्ञान नगर, सवाई माधोपुर।** भंवरलाल बसवाल के मकान से होते हुए मकान के दक्षिण कोने पर व उमेश शर्मा के मकान के उत्तरी कोने तक सम्पूर्ण परिक्षेत्र। |
| 2. | | अशोक कुमार गोयल पुत्र प्रहलाद गोयल के मकान। | **सुधा टावर के पास बजरिया सवाई माधोपुर** अशोक गोयल निवासी सुधा टावर के पास अशोका इलेक्ट्रीकल्स से उक्त दिशा में सुधा टावर ,दक्षिण पूर्व में एसबीआई बैंक संचालित पूर्व मे उपभोक्ता भण्डार कॉम्पलेक्स व पश्चिम में मानटाउन बालिका उमावि का परिसर तक सम्पूर्ण परिक्षेत्र। |
| 3. | | श्रीमति पार्वती पत्नी श्री सम्पत नामा के मकान। | **गंधी की गली शहर सवाई माधोपुर** मरीज पार्वती नामा के मकान से होते हुये उत्तर की ओर चलकर सदर बाजार तक डॉ शीतल जैन के मकान को शामिल करते हुये दक्षित की ओर चलकर मिताली गिफ्ट कॉनर को शामिल करते हुये पूर्व की चलते हुये संजय फैशन को शामिल करते हुये उत्तर की ओर चलकर मरीज पावर्ती नामा के मकान तक सम्पूर्ण परिक्षेत्र। |
| 4. | | अनिता पत्नि ललित गौतम के मकान। | **गंधी जी बस्ती शहर सवाई माधोपुर** अनिता पत्नि ललित गौतम के मकान से होते हुये उत्तर की ओर चलकर डा0 शीतल जैन के मकान को शामिल करते हुये पश्चिम की ओर चलकर सदर बाजार में स्काई किंग टेलर एवं शान्तिलाल जैन कपडे की दुकान के कोने को शामिल करते हुये दक्षिण की ओर चलकर मिताली गिफ्ट कॉर्नर को शामिल करते हुये पूर्व की ओर चलकर संजय फैशन को शामिल करते हुऐ उत्तरी ओर चलकर अनिता पत्नि ललित गौतम तक सम्पूर्ण परिक्षेत्र। |

